

विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले बिहार के दरभंगा पर पीएम मोदी मेहरबान, पहले एयरपोर्ट अब दिया एम्स का तोहफा , खर्च होंगे 1264 करोड.



चुनाव आयोग ने की बड़ी तैयारी, बिहार चुनाव में अब नहीं फैला सकते फेक न्यूज! इलेक्शन कमीशन भेजेगी जेल



बिहार विधानसभा चुनाव के पहले छोटे से लेकर बड़े नेता तक अपनी-अपनी गोटी सेट करने में लगे, मंत्री जी करते हैं दिन में मुख्यमंत्री नीतीश का गुणगान तो रात में तेजस्वी को प्रणाम


युवराज

# न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY update

www.newstodayupdate.in

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज

वर्ष : 06 अंक : 17 तिथि : 16 सितंबर 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले बिहार के दरभंगा पर पीएम मोदी मेहरबान, पहले एयरपोर्ट अब दिया एम्स का तोहफा , खर्च होंगे 1264 करोड.

न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,



विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले केंद्र से बिहार को सौगात मिलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को नरेंद्र मोदी कैबिनेट ने बिहार के लोगों को एक और तोहफा दिया। दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को मंजूरी दी। इसके साथ ही बिहार में पटना के बाद दूसरा एम्स बनने का रास्ता साफ हो गया है।

> ★ चुनाव से पहले एम्स का तोहफा: दरभंगा में 1264 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा बिहार का दूसरा एम्स, चार साल में पूरा होगा 750 बेड का अस्पताल।
> बेतिया से लेकर कोसी और सीमांचल के सहरसा, सुपौल और पूर्णियां तक के लोगों स्वास्थ्य क्षेत्र में इसका फायदा होगा। उत्तर बिहार के लोगों को पटना पर निर्भरता कम होगी। ★

दरभंगा एम्स, 750 बेड का होगा। 1264 करोड़ रुपए की लागत से यह एम्स करीब 48 महीने में बनकर तैयार होगा। दरभंगा एम्स में एमबीबीएस की 100 सीटें, बीएससी नर्सिंग की 60 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसमें 15 से 20 सुपर स्पेसिलिटी डिपार्टमेंट भी होगा। इसका निर्माण प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत किया जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2015–16 के बजट भाषण में दरभंगा एम्स की घोषणा की थी। एम्स बनने से प्रत्यक्ष रूप से करीब 3000 लोगों को रोजगार मिलने की भी उम्मीद है।

डायरेक्टर के एक पद सृजन को भी मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने दरभंगा एम्स के लिए डायरेक्टर के एक पद के सृजन को भी मंजूरी दी है। डायरेक्ट के लिए मूल वेतन 225000 रुपए निर्धारित किए गए हैं। अलाउंसेज आदि मिलाकर 237500 रुपए से अधिक नहीं, तय किया है।

वित्त मंत्रालय ने 25 अगस्त को ही 1264 करोड़ की दी थी मंजूरी : दरभंगा में एम्स के निर्माण पर खर्च होने वाली 1264 करोड़ रुपए की मंजूरी वित्त मंत्रालय ने पहले ही दे दी थी। 25 अगस्त को केंद्रीय वित्त सचिव की अध्यक्षता में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय के प्राइमरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर वित्त मंत्रालय ने मुहर लगाते हुए अन. मानित राशि की स्वीकृति दे दी। प्राइमरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार दरभंगा एम्स 750 बेड का होगा और इसके निर्माण कार्य पर 1264 करोड़ रुपए खर्च होने की संभावना है।

उत्तर बिहार के लोगों को होगा फायदा

दरभंगा एम्स बनने से न केवल उत्तर बिहार के बल्कि नेपाल तक के लोगों को फायदा होगा। खासकर के बेतिया से लेकर कोसी और सीमांचल के सहरसा, सुपौल और पूर्णियां तक के लोगों स्वास्थ्य क्षेत्र में इसका फायदा होगा। उत्तर बिहार के लोगों को पटना पर

# चुनाव आयोग ने की बड़ी तैयारी, बिहार चुनाव में अब नहीं फैला सकते फेक न्यूज! इलेक्शन कमीशन भेजेगी जेल

बिहार चुनाव



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,



बिहार विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता लाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी तैयारी की है. चुनाव के दौरान अब कोई सोशल मीडिया पर अगर भ्रामक या गलत जानकारी फैलाता है तो आयोग कड़ी करवाई करेगा. दरअसल गलत और झूठी खबरों के जरिये लोगों को भ्रमित कर चुनाव की निष्पक्षता भंग करने के मामले को चुनाव आयोग ने गम्भीरता से लिया है. चुनाव आयोग पहली बार सोशल मीडिया पर गलत खबरों को फैलाने से रोकने के लिए फैक्ट चेक करेगा. आयोग सोशल मीडिया पर फैलायी गई झूठी खबरों का फैक्ट चेक कर किला प्रशासन के वेबसाइट पर डाल देगी.

मिली जानकारी के अनुसार भ्रामक और झूठी खबरों को रोकने के लिए फैक्ट चेक के लिंक की जानकारी सभी जिलों तक पहुंचा दी गई है. अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी गोपाल मीणा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि आयोग के जरिये दिए गए फैक्ट चेक लिंक को जिला प्रशासन के वेबसाइट पर अपलोड कर दे.

जब भी कोई नेता या उम्मीदवार सोशल मीडिया पर कोई भी खबर फैलाएगा तो उसे तत्काल फैक्ट चेक किया जाएगा. अगर खबर गलत या झूठी होगी तो फैक्ट चेक कर तत्काल इसकी जानकरी दी जाएगी. जिला प्रशासन अपने फेसबुक, ट्विटर या वेबसाइट पर इसकी जानकारी देगा. अब अगर किसी मतदाता को कोई जानकारी चाहिये तो वह जिला प्रशासन के वेबसाइट पर फैक्ट चेक लिंक के जरिये जन सकता है. खबरें गलत पाई जाने पर चुनाव आयोग सख्त कार्रवाई करेगा.

# बिहार विधानसभा चुनाव के पहले छोटे से लेकर बड़े नेता तक अपनी-अपनी गोटी सेट करने में लगे, मंत्री जी करते हैं दिन में मुख्यमंत्री नीतीश का गुणगान तो रात में तेजस्वी को प्रणाम

सियासी गहमा-गहमी



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,



बिहार विधानसभा चुनाव के पहले छोटे से लेकर बड़े नेता तक अपनी–अपनी गोटी सेट करने में लगे हैं। ऐसा ही एक विवाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्री महेश्वर हजारी से जुड़ा है। राष्ट्रीय जनता दल (त्श्रक) के प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने कहा है कि महेश्वर हजारी दिन में नीतीश कुमार का गुणगान करते हैं तो रात के अंधेरे में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव से मिलते हैं। इसके जवाब में महेश्वर हजारी ने पलटवार करते हुए कहा कि कोई माई का लाल ऐसा नहीं कह सकता है। बयानों के वार–पलटवार का यह खेल तब शुरू हुआ, जब महेश्वर हजारी ने चिराग पासवान पर तंज कसते हुए कहा कि कोई मुख्यमंत्री बनने का सपना नहीं पाले, बिहार में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और रहेंगे।

सपने देखें तो उसके अनुसार करें काम

नीतीश सरकार में उद्योग मंत्री महेश्वर हजारी ने चिराग पासवान पर हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग पंडित से पत्री दिखाकर आते हैं और बड़े–बड़े सपने देखने लगते हैं। सपने देखना गलत नहीं है, लेकिन उसे पूरा करने के लिए उसके अनुसार काम करना पड़ता है। महेश्वर हजारी का यह बयान चिराग पासवान के बीते 13 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र के बाद आया है,। पत्र में अपने कार्यकर्ताओं की राय को बताते हुए चिराग ने कहा है कि बिहार में लोगों में नीतीश कुमार के खिलाफ नाराजगी है और उनके चेहरे पर चुनाव लड़ना उचित नहीं होगा।

पहले यह तय करें कि रहना कहां है

चिराग के खिलाफ महेश्वर हजारी के बयान पर आरजेडी के प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि महेश्वर हजारी दिन में नीतीश कुमार का गुणगान करते हैं तो रात में तेजस्वी यादव से मिलते हैं। वे पहले यह तय करें कि कहां रहना है। चिराग पासवान ने जो आग लगाई है, पहले उसे बुझाएं।

शुरू हो गया वार–पलटवार का दौर


भाई वरींद्र के बयान पर महेश्वर हजारी ने भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भाई वीरेंद्र तो जेडीयू में आना चाहते थे, लेकिन नीतीश कुमार ने एंट्री ही नहीं दी। विपक्ष के 52 नेता जेडीयू में आने वाले थे। उस लिस्ट में भाई वीरेंद्र का भी नाम था। इसपर भाई वीरेंद्र ने कहा कि उनका पद की राजनीति में विश्वास नहीं है। वे आरजेडी में मजबूती के साथ हैं। महेश्वर हजारी रिएक्शन में बोल रहे हैं। इसके बाद फिर महेश्वर हजारी की बारी थी। उन्होंने ललकार भरे लहजे में कहा कि कोई माई का लाल उनके खिलाफ आरोप नहीं लगा सकता है। वे जब तक रहेंगे, नीतीश कुमार के साथ रहेंगे।


CSC e-Governance Services India Limited
Ministry of electronics and information technology (MeitY)
Electronics Niketan, 6, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi, Delhi 110003
Common Service Center
CSC ID : 117745760015
CSC E-GOVERNANCE SERVICES INDIA LIMITED
भारत सरकार
डिजिटल सेवा
Digital Seva CSC Connect
डा.राजेश अस्थाना के मकान में, मठिया जिरात, मोतिहारी, संपर्क: 9471005272, 8210595830
अपनी जमीन का लगान रसीद, दाखिल खारिज, भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र, जाति, आवासीय, आय प्रमाण-पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, यहाँ बनवाएँ।
MSME, Company, GST Registration, Income Tax - GST Return
Pan Card (New & Correction), Passport, Banking Transaction, Bill & Recharge
जन्म, मृत्यु,जीवन प्रमाण-पत्र, किसान निबंधन, आधार एवं वोटर आई कार्ड सुधार कराएँ।

CSC ID: 117745760015
CSC E-GOVERNANCE SERVICES INDIA LIMITED
Digital India Power To Empower
भारत सरकार
डिजिटल सेवा
कॉमन सर्विस सेन्टर
संपर्क करें:-
डा. राजेश अस्थाना के मकान में मठिया जिरात, मोतिहारी
# +91 9471005272, 8210595830
CSC केन्द्र की उपलब्ध सेवाएँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| आधार कार्ड | पैन कार्ड | पासपोर्ट | PAYTM KYC |
| आय प्रमाण पत्र | जन्म प्रमाण पत्र | मूल निवास प्रमाण पत्र | राशन कार्ड |
| रेलवे रिजर्वेशन | बस टिकट | एयर टिकट | मनी ट्रांस्फर |
| AEPS | DTH रिचार्ज | मोबाईल रिचार्ज | बिल पेमेंट |
| मैरिज सर्टिफिकेट | FSSAIरजिस्ट्रेशन | प्रधान मंत्री आवास योजना | कम्पनी रजिस्ट्रेशन |
| GST रिटर्न | ITR RETURN | मोटर इन्श्योरेंस | हेल्थ इन्श्योरेंस |
| लाईफ इन्श्योरेंस | एक्सिडेन्टल इन्श्योरेंस | दुकान इन्श्योरेंस | कम्पनी इन्श्योरेंस |
| PNB हाऊसिंग लोन | बिजनेस लोन | एजुकेशन लोन | मोटर लोन |
| फोटो स्टेट | लेमिनेशन | जीवन प्रमाण पत्र | लेबर रजिस्ट्रेशन |

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272



CSC ID: 117745760015
CSC E-GOVERNANCE SERVICES INDIA LIMITED
Digital India Power To Empower
भारत सरकार
डिजिटल सेवा
कॉमन सर्विस सेन्टर
अष्ठाना-निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401.
मो०: 9471005272 / 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# अपने व्यवसाय को नई ऊँचाई दीजीए हमारे साथ, आप एक फोन कीजिए. अब मोतिहारी में एक साथ लीजिए :-

## ISO 9001:2015, GST, MSME का पंजीकरण
















**Yuvaraj Media & Entertainment**
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830